तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम...





12 शॉर्ट-सर्किट से लगी भीषण आग से जनता राइस मिल...




## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रहमांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# विश्व क्षय दिवस पर संगोष्ठी एवं 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

## टीबी मुक्त भारत अभियान का शपथ भी लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा मंगगाई के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमृत लाल रोहलेकर, जिला क्षय अधिकारी डॉ. बी.एल. राज एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय दिवस के अवसर पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीबी (क्षय) बीमारी के लक्षण, उपचार, टीपीटी एवं बचाव, पोषण आहार खाने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर टीबी की दवा का सेवन कर रहे मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा पोषण आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम में टीबी मरीजों, मितानिनों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, डॉक्टरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। संगोष्ठी के दौरान प्रदेश के सभी 33 जिलों में द्वितीय चरण में प्रारंभ होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अभियान के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर टीबी के संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों की जांच (बलगम एवं एक्स-रे) एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। जनभागीदारी के माध्यम से अभियान को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. वर्मा, खंड वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक पुरन दास, नेत्र चिकित्सा अधिकारी विनोद बघेल अजित जांगड़े, डॉ. मुकेश बोहरे (फिजियोथेरेपिस्ट), सेक्टर सुपरवाइजर खिलानंद साहू, आशीष साहू, अभिषेक राजपूत, अरुण यादव ब्लॉक समन्वयक (मितानिन) बलदाऊ सिंह राजपूत, एमटी जगन्नाथ कन्नौजे सहित समस्त मितानिन दीदी, टीबी के दवाई खा रहे डॉट्स मरीज एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगोष्ठी : न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ताओं की रही सहभागिता

# डिजिटल युग की चुनौतियों पर बार रूम में मंथन साइबर लॉ व डिजिटल साक्ष्य की स्वीकार्यता पर चर्चा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों और बदलती न्यायिक प्रक्रियाओं के बीच डिजिटल साक्ष्य की भूमिका को लेकर बेमेतरा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली।

कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा जिला अधिवक्ता संघ भवन में "साइबर लॉ, डिजिटल साक्ष्य एवं डिजिटल साक्ष्य की स्वीकार्यता" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और विधि विशेषज्ञों ने एक मंच पर आकर गहन मंथन किया। कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ के सहयोग से संपन्न हुआ। संगोष्ठी में जिला न्यायाधीश सरोज नंदन दास, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (प्रथम) देवेंद्र कुमार, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री साक्षी दीक्षित, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह ▶▶| शेष पेज 14 पर

### कानूनी प्रावधानों की दी गई विस्तृत जानकारी

विशेषज्ञों ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत डिजिटल साक्ष्य की वैधता, प्रामाणिकता और स्वीकार्यता से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि डिजिटल साक्ष्य का संग्रहण और संरक्षण तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया, तो वह न्यायालय में अमान्य भी हो सकता है।





### अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ, बेमेतरा के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। अध्यक्ष श्री प्रणिश चौबे, सचिव श्री दिकेंद्र देवांगन, अधिवक्ता श्री विवेक पोल, श्री सलाम शरीफ, नरेश तिवारी, बलराम साहू सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने विषय पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं और विशेषज्ञों से महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। **साइबर सुरक्षा व जागरूकता पर भी जोर**: सत्र में डिजिटल साक्ष्य के सुरक्षित संग्रहण, डेटा संरक्षण, साइबर सुरक्षा उपायों एवं साइबर अपराधों की रोकथाम के व्यावहारिक पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे न केवल कानून की जानकारी स्वयं रखें, बल्कि आम जनता को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें।

# तेंदूभाठा में आग से कई एकड़ में लगी गेहूं की फसल खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

शहर से लगे मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम तेंदूभाठा में आगजनी की घटना से कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई है। जानकारी के अनुसार मानसिंह साहू के खेत में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जाहिर किया जा रहा है।

■ मुआवजा देने की मांग

जानकारी के बाद जनपद सदस्य त्रिलोकी साहू ने घटना की जानकारी विद्युत मंडल को दी। अपनी खड़ी फसल को जलते देख किसान के आंसू थम नहीं रहे थे।

एक बार फिर फायर ब्रिगेड शोपीस बनकर रह गया। किसान मानसिंह ने बताया फसल कटने के लिए तैयार हो चुकी थी। जनपद सदस्य त्रिलोकी साहू ने शासन से मुवाअजा देने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### कार डिवाइडर से टकराई ट्रांसपोर्टर की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में ट्रांसपोर्टर की मौके पर मौत होने का मामला सामने आया है। घटना अंजोरा और टेडेसरा क्षेत्र की है। अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी ने बताया कि रविवार को अंजोरा क्षेत्र के महमरा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक का शिनाख्त बलदेव बाग, राजनांदगांव निवासी हर्षदीप सिंह के रुप में हुई है। युवक रायपुर से राजनांदगांव की ओर आ रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का परखच्चा उड़ गया। मौके पर ही हर्षदीप की मौत हो गई। खबर लगने पर अंजोरा पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि भोर की घटना है कार चलाते समय झपकी आई होगी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है। हादसे का कारण जांच के बाद ही पूरा स्पष्ट हो पाएगा।

# जनगणना कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से समय-सीमा में पूरा करें : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं, सेवाओं और लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने जनगणना कार्य को राष्ट्रीय महत्व का बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को इसे तय समय-सीमा में पूर्ण संवेदनशीलता और सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की योजनाओं का निर्धारण होता है, इसलिए डेटा संग्रहण और प्रविष्टि में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे गए लक्ष्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के कड़े निर्देश देते हुए नियमित मॉनिटरिंग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब या उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जल संरक्षण को लेकर कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में सोख्ता गड्ढा एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए शासकीय भवनों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत भवनों में अनिवार्य रूप से वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित की जाए तथा हैंडपंप और नलों के पास पानी के संचयन के लिए सोख्ता गड्ढों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

■ योजनाओं सेवाओं और लंबित प्रकरणों की समीक्षा

कलेक्टर ने मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग के अभिसरण से कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश देते हुए जन-भागीदारी के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने और साप्ताहिक समीक्षा के जरिए प्रगति की निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

## जिला मुख्यालय में मंत्री दयालदास बघेल होंगे मुख्य अतिथि

# भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत आज राशि वितरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को राशि वितरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा 25 मार्च 2026 को कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 25 मार्च को प्रातः 11.00 बजे से संबंधित जनपद पंचायतों के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं तथा अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने-अपने क्षेत्र में नोडल अधिकारी तथा तहसील स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू और साजा विधायक ईश्वर साहू उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा दिवाकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय सिन्हा तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न होगा

■ योजना का लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करना

जारी आदेश के अनुसार, कार्यक्रम के सफल संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए जिले के सभी अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) को अपने-अपने क्षेत्र में नोडल अधिकारी बनाया गया है।

वहीं तहसील स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं संबंधित नगरीय निकाय के अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि उक्त निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। जिला प्रशासन के इस निर्णय से भूमिहीन कृषि मजदूरों को योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाएगा और उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त होगी।




# भाजपा के प्रशिक्षण महाभियान से कार्यकर्ताओं में बढ़ेगी वैचारिक मजबूती: राजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के विभिन्न मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान वर्ग 2026 के तहत संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष एवं रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी राजेन्द्र शर्मा उद्घाटन एवं समापन सत्र में शामिल हुए। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य पार्टी संगठन को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करना तथा कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, सिद्धांतों एवं कार्यप्रणाली के प्रति अधिक जागरूक एवं दक्ष बनाना है। उन्होंने कहा कि सशक्त संगठन के लिए प्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान वरिष्ठ नेताओं एवं विषय विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, सेवा एवं सुशासन, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका, सामाजिक समरसता, अंत्योदय के सिद्धांत तथा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी भारतीय राजनीति के लिए मार्गदर्शक हैं। "अंत्योदय" और "एकात्म मानववाद" की विचारधारा भारतीय जनता पार्टी की मूल आत्मा है, जिसके आधार पर पार्टी समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

■ वरिष्ठ नेता, विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर दिया मार्गदर्शन

## प्रशिक्षित एवं प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण



### प्रशिक्षण तैयार करता है मजबूत आधार

श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं कार्यक्षमता के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, संगठन के प्रति समर्पण एवं जनसेवा की भावना और अधिक प्रबल होती है। साथ ही यह प्रशिक्षण भविष्य में संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मजबूत आधार तैयार करता है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा किसान मोर्चा बेमेतरा की नई कार्यकारिणी घोषित





**नांदघाट।** भाजपा किसान मोर्चा जिला बेमेतरा अध्यक्ष युवराज सिंह ने कार्यकारिणी की घोषणा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मारो नरेंद्र साहु व मदन वर्मा जिला उपाध्यक्ष और पुनित वर्मा बने मारो मंडल के अध्यक्ष। पूर्व जिला महामंत्री टार्जन साहु जिला मंत्री, मनीष जयसवाल नगर पंचायत अध्यक्ष मारो ,धनलाल देशलहरे जिला संयोजक, आरटीआई विवेक शुक्ला, जिला सरपंच संघ अध्यक्ष लालन यादव जिला भाजयुमो अध्यक्ष विजय वर्मा मंडल अध्यक्ष राकेश राजपुत अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज गुंबर पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष संतोष साहु, अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निरंजन चेलक रोहित निषाद, अरुण साहु, राधेश्याम यदु, सीताराम साहु, भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नियुक्तियों के लिए खाद्य मंत्री डीडी बघेल जिला अध्यक्ष अजय साहु ,उपा एवं सभा पति जिलापंचायत अंजू बघेल को धन्यवाद देते हुए नियुक्तियों का स्वागत किया है।

### हुल्लड़ करने पर पांच के खिलाफ कार्रवाई

**डोंगरगढ़।** मंदिर आने वाले यात्रियों से वाद-विवाद एवं हो-हल्ला कर शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक 24 मार्च को ग्राम कुरभाट मेन रोड डोंगरगढ़ एवं होटल शुभारंभ लॉज डोंगरगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर आरोपी संदीप, एकलव्य, सुनील, आकाश एवं श्रवण द्वारा डोंगरगढ़ आने वाले यात्रियों के साथ वाद-विवाद, हल्ला-गुल्ला एवं मारपीट करने की स्थिति उत्पन्न करने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां आरोपी शांतिभंग करते पाए गए। समझाने पर भी नहीं मानने के कारण शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पांचों आरोपियों संदीप कुमार वर्मा 20 वर्ष पारागांव, एकलव्य हठीले 19 वर्ष डुंडेरा, सुनील साहू 21 वर्ष डुंडेरा, आकाश कुमार कोषे 23 वर्ष दतेश्वरीपारा डोंगरगढ़ एवं श्रवण कुमार कंवर 22 वर्ष मरकाकसा के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय डोंगरगढ़ में प्रस्तुत किया गया।

### सटोरिया गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से मोबाइल फोन, सट्टा-पट्टी एवं नगदी रकम बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम सोनेसरार में आरोपी का किराना दुकान के पास पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर अरूण कुमार साहू 40 वर्ष निवासी ग्राम सोनेसरार को पकड़ा। जिसके कब्जे से सट्टा-पट्टी और 1 नग मोबाइल फोन, 1 नग पेन एवं नगदी 1895 रुपए कुल कीमती 6895 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध छग जुआ प्रतिषेश अधिनियम की धारा 6 के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

पेज 11 का शेष

### डिजिटल युग की ...

सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण ने सहभागिता निभाते हुए विषय की गंभीरता को रेखांकित किया। संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आज के डिजिटल दौर में मोबाइल, सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के कारण अपराधों का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य न केवल जांच की दिशा तय करते हैं, बल्कि न्यायालय में दोष सिद्ध करने में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। यह संगोष्ठी अधिवक्ताओं एवं विधि क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए ज्ञानवर्धक साबित हुई और डिजिटल युग की कानूनी चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## मार्ग में श्रद्धालुओं ने की सेवा, 5 बजे सुबह शुरू हुई 12 घंटे की कठिन यात्रा

# दंडवत मां चंडी के दरबार पहुंचीं महिला भक्ति देखकर गदगद हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

समीपस्थ ग्राम करमू, थान खम्हरिया से लगभग 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चंडी मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मंदिर परिसर इन दिनों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और "जय माता दी" के जयकारों से गूंज रहा है। नवरात्रि पर्व के दौरान माता के दर्शन के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। कोई पैदल तो कोई नंगे पांव कठिन यात्रा कर माता के दरबार पहुंच रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 9 डबरा पारा निवासी हेमा नेताम ने अपनी अनूठी श्रद्धा का परिचय देते हुए जमीन पर लेटकर आगे बढ़ते हुए मंदिर पहुंचकर सभी को भावुक कर दिया।

बताया जाता है कि नेताम ने 23 मार्च की सुबह लगभग 5 बजे अपने घर से पूजा-अर्चना कर माता के दर्शन के लिए प्रस्थान किया। उन्होंने करीब 12 घंटे की कठिन यात्रा करते हुए शाम लगभग 4 बजे मां चंडी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इस दौरान वे पूरे मार्ग में लेटकर आगे बढ़ती रहीं, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उनकी इस आस्था यात्रा के दौरान रास्ते भर श्रद्धालु सेवा में जुटे रहे। कोई मार्ग में पानी डालकर धूल को शांत करता रहा तो कोई रास्ते की साफ-सफाई करता नजर आया। सैकड़ों लोग उनके साथ चलते हुए उनका हौसला बढ़ाते रहे। गांव में प्रवेश करते ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उन्हें देखने बाहर निकले। महिलाओं ने अपने घरों से पूजा की थाली लाकर उनकी आरती उतारी और श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। मंदिर पहुंचते ही पूरा परिसर "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने उनकी अटूट आस्था को नमन किया। नवरात्रि के इन नौ दिनों में श्रद्धालु उपवास रखकर माता की आराधना करते हैं और बड़ी संख्या में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी संजय तिवारी ने हेमा नेताम का चुनरी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और उनकी श्रद्धा की सराहना की।

### मां चंडी मंदिर में आस्था का अद्भुत दृश्य, महिला ने जमीन पर लेटकर आगे बढ़ते हुए किए दर्शन



## विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला अस्पताल में कार्यक्रम, 100 दिनी टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व क्षयरोग (टीबी) दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एमसीएच बेमेतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश एवं जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें टीबी उन्मूलन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा एवं वार्ड पार्षदों की उपस्थिति रही।

इस दौरान टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच एवं नियमित उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही लोगों को टीबी से जुड़ी भ्रांतियों से दूर रहने और लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला नगर अध्यक्ष विजय सिन्हा ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। अभियान के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी मरीजों की पहचान, जांच, उपचार एवं फॉलोअप पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम में शहरी एवं ग्रामीण मितानिन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) से जुड़े कर्मचारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ ली। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार खांसी, वजन कम होना, बुखार या कमजोरी जैसे लक्षण हों तो तुरंत जांच कराएं और समय पर उपचार लेकर टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग करें।

■ टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच बारे में लोगों को जागरूक करना

## आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से दिया समाज सुधार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



थान खमरिया के समीप ग्राम उमरावनगर में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वावधान में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। जहां आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से समाज सुधार का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री राम सेवा सत्संग समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया, काशी अग्रवाल एवं लीलाधर चंद्राकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम खरिजीटी, गौरमाटी, रगरा, हरदी, सूरजपुरा, पैलपार, गोपालपुर, घीवरी की मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस आयोजन में ग्रामवासी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भक्ति-भजन तथा आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से परमात्मा से जुड़ने का अनुभव किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता और सनातन मूल्यों के प्रसार को प्रोत्साहित करना है।

**धर्म- संस्कृति के संरक्षण के लिए रहें एकजुट:** श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म केवल एक आस्था ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की पवित्र पद्धति है, जो मानवता, प्रेम और कर्तव्य भावना का संदेश देती है। उन्होंने ग्रामवासियों को धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए संगठित रहने के लिए आह्वान किया। गौ अभियान के संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए 27 अप्रैल को नगर के जमात मंदिर में एकत्रित होने की बात कही।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीलाधर चंद्राकर, अग्राहित बलराम, सरपंच राजेश कुमार, उप सरपंच अशोक कुमार, ग्राम पटेल हरिश्चंद्र, द्वारका साहू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गोरे सिंह पेंशनर समाज के चुने गए पुनःअध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया



तहसील ईकाई पेंशनर समाज का आवश्यक बैठक 23 मार्च को स्थानीय गौशाला प्रांगण मे आहूत की गई। बैठक में सर्व सम्मति से गोरे सिंह राजपूत मोहभट्ठा ठाठापुर को पुनः पेंशनर समाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। वर्ष 2023 में भी उनको यह जिम्मेदारी दी गयी थी। उनके नाम का प्रस्ताव चुन्नुसिह ठाकुर तथा समर्थन नर्मदा सिंह ने किया, कार्यकाल तीन साल होगा। श्री राजपूत 42 वर्ष तक शिक्षकीय कार्य मे सेवा देने के बाद 2014 मे सेवानिवृत्ति हुए थे। वे सहज,मिलनसार व पेंशनर समाज के लोगों का सहयोग करने मे सदैव अग्रणी रहे, जिसका उनको लाभ भी मिला। पेंशनर समाज तहसील थान खम्हरिया व कबीरधाम जिले के तहसील सहसपुर लोहारा के करीब 100 गांव के पेंशनर समाज का एक ईकाई बनाई गयी है। गोरालाल राजपूत के पुनःअध्यक्ष निर्वाचित होने पर समाज के जिला अध्यक्ष व निर्वाचन अधिकारी कृष्णा प्रसाद तिवारी, व्यासनारायण पाण्डेय, जगमोहन जयसवाल, नंदकुमार वैष्णव, ओंकार सिंह, चरण सिह मारकण्डे, मेहतरू राम, रामावतार भारती, जीधन सेंगर,सरस्वती बाई, रामेश्वर उपाध्याय, पदमानंद सिह, खेलनराम साहू, डी एल भूआर्य,ध्रुव कुमार कश्यप, सुशील मिश्रा, झुलुराम पाटिल, लालबहादुर डडसेना, दिनेश तिवारी, राजेन्द्र शर्मा तथा कन्हैया श्रीवास्तव आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

### सिंघौरी स्कूल में उड़नदस्ता टीम ने किया औचक निरीक्षण



**बेमेतरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में चल रहे 8वीं कक्षा की केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26 हेतु अंग्रेजी विषय के पर्चे पर औचक निरीक्षण उड़नदस्ता के टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण में शाला की दर्ज संख्या 37 में सभी बच्चे उपस्थित पाया गया। स्कूल में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दो कमरे में संचालित पाया गया। निरीक्षण दल में कामिनी महिलांग विकासखंड शिक्षा अधिकारी,जितेंद्र साहू,प्रकाश सोनी सहित धनीराम साहू केंद्राध्यक्ष,नुतेश्वर चंद्राकर सहायक केंद्राध्यक्ष एंव पर्यवेक्षक के रूप में देवेंद्र साहू,प्रशांत बघेल एंव साजन वर्मा उपस्थित रहे।

## बूथ से लेकर वार्ड तक संगठन मजबूत करने कांग्रेस का बड़ा अभियान, प्रभारी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है।

जिले में बूथ, पंचायत और वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को तेज करते हुए विभिन्न ब्लॉकों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। नियुक्तियों को आगामी चुनावी रणनीति के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने आदेश जारी करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी बूथ, पंचायत एवं वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन तत्काल प्रभाव से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर होता है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मजबूत ढांचा तैयार किया जाए। श्री छाबड़ा ने सभी ब्लॉक अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे शीघ्र ही मंडल कमेटियों के लिए भी प्रभारी नियुक्त करें और बूथ कमेटी गठन की प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। साथ ही यह भी कहा गया है कि कमेटियों का गठन संबंधित बूथ पर कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया जाए, जिससे संगठन में एकजुटता और समन्वय बना रहे। गठन प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक बैठक की फोटो एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, उदयपुर नवशिविर में पारित प्रस्तावों का पालन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

■ जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपी जिम्मेदारी गठन प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

### इन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी

जारी आदेश के अनुसार प्राणीश चौबे (थानखम्हरिया), जितेन्द्र उपाध्याय (साजा), झम्मन बघेल (नवागढ़), मोंटू तिवारी (संबलपुर), छोटे लाल साहू (नांदघाट), सुमन गोस्वामी (ग्रामीण बेमेतरा), सतीश मारकंडेय (बेरला) और संतोष वर्मा (नगर बेमेतरा) को संबंधित क्षेत्रों का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी का यह संगठनात्मक अभियान न केवल कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगा, बल्कि बूथ स्तर तक पार्टी की पकड़ मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

## विद्यार्थियों को कराया नेवता भोज, कन्याओं को सम्मान देने से घर में सुख

# सेजेस सिंघौरी में प्राचार्य ने सपरिवार किया कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नवरात्रि के पावन अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस सिंघौरी में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य संजय प्रसाद पयासी ने अपने परिवार सहित कन्या पूजन कर विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया।

कार्यक्रम में प्राचार्य की पत्नी अनामिका पयासी, पुत्र गोविंद पयासी, बहू ऐश्वर्या पयासी एवं पुत्री पूजा पयासी की सक्रिय सहभागिता रही। साथ ही विद्यालय के व्याख्याता दीपिका साहू, पूजा मिश्रा, अनीता कुर्मी, वेदिका साहू, अंशधा शर्मा, शुभम पांडे सहित समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर व्याख्याता दीपिका साहू ने कन्या पूजन के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नवरात्रि में कन्याओं की पूजा करने से माँ दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है। मान्यता है कि कन्या पूजन के बिना नवरात्रि का व्रत अधूरा रहता है। कन्याओं को भोजन कराने और सम्मान देने से घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।



### आसन पर बैठाया, माथे पर तिलक और पैरों में लगाया गया आलता

कार्यक्रम के दौरान कन्याओं को सम्मानपूर्वक आसन पर बैठाकर उनके पैरों में आलता लगाया गया, माथे पर तिलक कर विधि-विधान से पूजन किया गया। इसके बाद उन्हें स्वादिष्ट एवं पौष्टिक स्वल्पाहार व भोजन परोसा गया। बच्चों ने बड़े आनंद के साथ भोजन ग्रहण किया। नवरात्रि की पंचमी तिथि पर आयोजित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए यादगार रहा। विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों ने प्राचार्य संजय प्रसाद पयासी की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की।

